भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1592**

दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने के लिए

**आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिले**

**1592. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
**श्री बस्तीपति नागराजू:**
**श्री केसिनेनी शिवनाथ:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में चयनित चरण एक के आकांक्षी जिलों की वर्तमान में विकास की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में आकांक्षी जिलों के विकास हेतु सरकार द्वारा आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) केंद्र सरकार द्वारा उपयोग किए गए सामाजिक-आर्थिक तथा विकासात्मक परिणाम संकेतकों सहित, गत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में हर एक आकांक्षी जिले के प्रदर्शन का ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में आकांक्षी जिलों के विकास हेतु सरकार द्वारा जारी की गई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं**
**राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता अथवा आर्थिक उत्पादकता में सुधार लाने वाले महत्वपूर्ण कारकों अर्थात्; स्वास्थ्य, पोषण, स्कूली शिक्षा, कृषि और जल संसाधन प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचा जैसे विभिन्न सेक्टरों के 49 प्रमुख निष्पादन संकेतकों पर आकांक्षी जिलों की प्रगति की निगरानी की जाती है। सभी 112 जिलों की

प्रगति की मासिक निगरानी की जाती है और प्रदर्शन से संबंधित डेटा चैंपियंस ऑफ चेंज डैशबोर्ड (championsofchange.gov.in) के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

आंध्र प्रदेश राज्य के 3 आकांक्षी जिलों के सम्बन्ध में जिले-वार कार्य निष्पादन का विवरण *अनुलग्नक I* के रूप में संलग्न है। यह उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी, 2022 को अल्लूरी सितारामराजू जिले को विशाखापत्तनम के पूर्व आकांक्षी जिले से अलग करके बनाया गया था और पार्वतीपुरम मन्यम जिले को विजयनगरम के पूर्व आकांक्षी जिले से अलग करके बनाया गया था। विशाखापत्तनम और विजयनगरम के स्थान पर अल्लूरी सीतारामराजू जिला और पार्वतीपुरम मान्यम जिला दोनों अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

(ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम की मूल कार्यनीति मौजूदा सरकारी योजनाओं का अभिसरण है और इसलिए अतिरिक्त निधि का कोई बड़ा सममिश्रण नहीं है। हालाँकि, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने और तेजी से सुधार लाने के लिए, जिलों को उनकी प्रगति के आधार पर नाममात्र कार्य निष्पादन अनुदान आबंटित किया जाता है। जिले कार्य निष्पादन अनुदान का उपयोग करके महत्वपूर्ण विकास संबंधी कमियों को दूर करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं चलाते हैं। एडीपी के तहत आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिलों के लिए पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) में स्वीकृत और प्रयुक्त कुल धनराशि की विस्तृत जानकारी *अनुलग्नक II* में प्रदान की गई है।

(ग) कृपया प्रश्न (क) का उत्तर देखें, जो विभिन्न संकेतकों के आधार पर प्रत्येक जिले के कार्य निष्पादन को रेखांकित करता है। आकांक्षी जिलों के कार्य निष्पादन के सम्बन्ध में अधिक जानकारी चैंपियंस ऑफ चेंज (championsofchange.gov.in) पर देखी जा सकती है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

(घ) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों (सीपीएसई) सहित कॉरपोरेट्स की सीएसआर गतिविधियां कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार शासित होती हैं, जो अन्य बातों के साथ-साथ सीएसआर के दायरे में आने वाली कंपनियों के लिए मानदंड, सीएसआर के तहत आने वाली गतिविधियों और सीएसआर गतिविधियों के लिए आबंटित धनराशि निर्धारित करती है। हालाँकि, यह उल्लेख किया गया है कि सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) वित्तीय वर्ष 2018-19 से सभी प्रशासनिक मंत्रालयों और सीपीएसई को सीपीएसई द्वारा सीएसआर व्यय पर प्रति वर्ष विषय-आधारित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के लिए दिशानिर्देश जारी कर रहा है। इन अनुदेशों में, अन्य बातों के अलावा, प्रावधान है कि ऐसे विषयगत कार्यक्रमों के लिए सीएसआर व्यय सीपीएसई के वार्षिक सीएसआर व्यय का लगभग 60% होना चाहिए और नीति आयोग द्वारा चिन्हित किए गए आकांक्षी जिलों को सीपीएसई द्वारा सीएसआर व्यय में प्राथमिकता दी जाती है। इससे आंध्र प्रदेश के जिलों सहित आकांक्षी जिलों को मदद मिली है।

*******

अनुलग्नक- I

**श्री मंगुटा श्रीनिवासुलू रेड्डी: श्री बस्तीपति नागराजू: श्री केसिनेनी शिवनाथ: द्वारा पूछे गए 'आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिले' के संबंध में दिनांक 31.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1592 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिलों की प्रगति की स्थिति**

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| | **स्वास्थ्य और पोषण** | | | | | | |
| 1 | कुल एएनसी पंजीकरण के मुकाबले पहली तिमाही में पंजीकृत एएनसी का प्रतिशत | 81.77 | 83.23 | 90.9 | 92.65 | 87.37 | 94.74 |
| 2 | पिछले एक महीने में कम से कम एक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस/शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजित करने वाली आंगनवाड़ियों/यूपीएचसी का प्रतिशत | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 3 | पूर्ण टीकाकरण (बीसीजी+डीपीटी3+ ओपीवी3+ खसरा1) करा चुके बच्चों (9-11 माह) का प्रतिशत | 100 | 96.52 | 100 | 100 | 99.82 | 100 |
| 4 | कुल घरेलू प्रसवों में एसबीए (कुशल जन्म उपस्थिति) प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की देखरेख में घर पर हुए प्रसवों का प्रतिशत | 0 | 100 | 0.08 | 0 | 89.57 | 100 |
| 5 | प्रसव कक्ष और प्रसूति ओटी एनक्यूएएस प्रमाणित प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) का प्रतिशत (जो लक्ष्य दिशा-निर्देशों को पूरा करती हैं) | 11.11 | 22.22 | 28.57 | 28.57 | 33.33 | 33.33 |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| 6 | कुल अनुमानित प्रसवों में से सांस्थानिक प्रसवों का प्रतिशत | 86.42 | 100 | 100 | 100 | 99.58 | 100 |
| 7 | जन्म के समय वज़न लिए गए जीवित बच्चों का समानुपात | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 8 | कम वजन वाले शिशुओं का प्रतिशत (2500 ग्राम से कम) | 4.72 | 2.67 | 2.66 | 3.31 | 5.69 | 3.8 |
| 9 | 6 वर्ष से कम आयु के कुल बच्चों में से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) का प्रतिशत | 13.83 | 9.79 | 3.67 | 1.56 | 4.61 | 1.03 |
| 10 | जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने वाले नवजात शिशुओं का प्रतिशत | 94.08 | 99.39 | 100 | 100 | 96.49 | 100 |
| 11 | कुल अनुमानित गर्भधारण में से एएनसी के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं (पीडब्लू) का प्रतिशत | 100 | 86.23 | 82.02 | 83.11 | 89.77 | 97.31 |
| 12 | गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के परीक्षण मामलों के मुकाबले गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को किए गए उपचार का प्रतिशत | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 13 | प्रसवपूर्व देखभाल के लिए पंजीकृत कुल गर्भवती महिलाओं में 4 या अधिक प्रसवपूर्व देखभाल जांच प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत | उ.न. | 91.8 | उ.न. | 100 | 91.5 | उ.न. |
| 14 | आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण ले रही गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत | 99.41 | 100 | 97.84 | 100 | 94.36 | 99.58 |
| 15 | कुल एएनसी पंजीकरण में से संबंधित एएनसी में 4 या | उ.न. | 91.8 | उ.न. | 100 | 98.5 | उ.न. |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| | अधिक बार हीमोग्लोबिन परीक्षण कराने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत | | | | | | |
| 16 | भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का प्रतिशत | 18.75 | 4.69 | 100 | 100 | 64.86 | 100 |
| 17 | 6 वर्ष से कम आयु के कुल बच्चों में से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) का प्रतिशत | 2.5 | 3.04 | 1.3 | 0.64 | 5.27 | 0.28 |
| 18 | 6 वर्ष से कम आयु के कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत | 2.5 | 2.42 | 7.45 | 3.19 | 6.75 | 2.49 |
| 19 | स्वयं के भवन वाले आंगनवाड़ियों का अनुपात | 41.32 | 41.32 | 41.18 | 41.18 | 40.79 | 43.66 |
| 20 | प्रति 500,000 जनसंख्या पर 1 (पहाड़ी क्षेत्रों में प्रति 300,000 पर 1) के मानक के मुकाबले क्रियाशील एफआरयू (प्रथम रेफरल इकाई) का अनुपात | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 90 |
| 21 | आईपीएचएस मानदंडों के अनुसार जिला अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं का अनुपात | 100 | 100 | 88.57 | 94.29 | 100 | 100 |
| 22 | स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) में परिवर्तित उप-केन्द्रों/पीएचसी का अनुपात | 100 | 86.78 | 100 | 100 | 0 | 100 |
| 23 | जन्म के समय लिंग अनुपात | 896 | 941 | 973 | 1066 | 949.268037 | 923 |
| 24 | अधिसूचित टीबी रोगियों (सार्वजनिक और निजी) में से टीबी उपचार की सफलता दर | 92.78 | 100 | 89.92 | 100 | 72.58 | 96.72 |
| 25 | अनुमानित मामलों के मुकाबले क्षय रोग (टीबी) मामले अधिसूचना दर (सार्वजनिक और | 73.43 | 92.11 | 84.18 | 80.25 | 89.62 | 67.25 |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| | निजी संस्थान) | | | | | | |
| | **शिक्षा** | | | | | | |
| 26 | आरटीई निर्दिष्ट छात्र शिक्षक अनुपात का अनुपालन करने वाले प्राथमिक विद्यालयों का प्रतिशत | 88.72 | 93.99 | 100 | 100 | 96.53 | 100 |
| 27 | शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले स्कूलों का प्रतिशत | उ.न. | 100 | उ.न. | 100 | 100 | उ.न. |
| 28 | क्रियाशील पेयजल सुविधा वाले स्कूलों का प्रतिशत | 95.9 | 99.87 | 100 | 100 | 81.3 | 100 |
| 29 | माध्यमिक स्तर पर क्रियाशील विद्युत सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत | 95.9 | 100 | 100 | 95.75 | 100 | 100 |
| 30 | शौचालय की उपलब्धताः चालू बालिका शौचालय वाले विद्यालयों का प्रतिशत | 95.23 | 78.92 | 98.35 | 95.75 | 98.57 | 99.76 |
| 31 | प्राथमिक से माध्यमिक विद्यालय स्तर में अवस्थांतर दर | उ.न. | 97.41 | उ.न. | 96.57 | 100 | उ.न. |
| 32 | उच्च प्राथमिक से माध्यमिक विद्यालय स्तर में अवस्थांतर दर | उ.न. | 97.19 | उ.न. | 98.23 | 98.34 | उ.न. |
| | **कृषि और जल संसाधन** | | | | | | |
| 33 | खरीफ में प्रमुख फसल 1 की कृषि उत्पादकता | उ.न. | 3600 | उ.न. | 5295 | 4012 | उ.न. |
| 34 | रबी में प्रमुख फसल 1 की कृषि उत्पादकता | उ.न. | 250 | उ.न. | 7613 | 4403 | उ.न. |
| 35 | ख़रीफ में प्रमुख फसल 2 की कृषि उत्पादकता | उ.न. | 700 | उ.न. | 1515 | 1496 | उ.न. |
| 36 | रबी में प्रमुख फसल 2 की कृषि उत्पादकता | उ.न. | 600 | उ.न. | 650 | 735 | उ.न. |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| 37 | कृत्रिम गर्भाधान कवरेज | 60.78 | 100 | 90.07 | 79.23 | 83.72 | 87.89 |
| 38 | प्रमाणित गुणवत्तापरक बीजों का वितरण | | | | | 110351.37 | |
| 39 | फसल बीमा - खरीफ: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत बोए गए क्षेत्र का निवल प्रतिशत | उ.न. | 80.12 | उ.न. | 95.54 | 40.6 | उ.न. |
| 40 | फसल बीमा - रबी: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत रबी में बोए गए क्षेत्र का निवल प्रतिशत | उ.न. | 73.83 | उ.न. | 53.04 | 69.24 | उ.न. |
| 41 | इस अवधि के दौरान मनरेगा के अंतर्गत पुनरुज्जीवित जलाशयों की संख्या | 40 | उ.न. | उ.न. | उ.न. | 4976 | उ.न. |
| 42 | ज़िले में इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार से जुड़ी मंडियों की संख्या | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 43 | वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या | 0 | 0 | 4680 | 260 | 83412 | 1986 |
| 44 | धान (सामान्य): मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (कृषि फसल मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित | 0 | 0 | 1.37 | 1.37 | 6.45 | |
| 45 | धान (ग्रेड-ए) : मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (कृषि फसल मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित | 0 | 0 | 1.82 | 1.82 | 16.35 | |
| 46 | कृषि ऋण में प्रतिशत वृद्धि | 89.22 | -46.01 | 1.36 | 30.85 | उ.न. | उ.न. |
| 47 | टीकाकृत पशुओं का प्रतिशत | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 48 | सूक्ष्म-सिंचाई के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के प्रतिशत | 0 | 2.28 | 69.34 | 73.57 | 41.59 | 62.35 |
| 49 | ज़िले में कुल बुआई क्षेत्र की | उ.न. | 47.98 | उ.न. | 97.56 | 30.14 | उ.न. |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **संकेतक** | **आधारभूत मूल्य** | **वर्तमान मूल्य** | **आधारभूत मूल्य** | **वर्तमान मूल्य** | **आधारभूत मूल्य** | **वर्तमान मूल्य** |
| | तुलना में उच्च मूल्य वाली फसलों की प्रतिशत हिस्सेदारी | | | | | | |
| 50 | गेहूँ: मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (कृषि फसल मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित | 0 | 0 | उ.न. | उ.न. | -13.64 | उ.न. |
| | **वित्तीय समावेशन और कौशल विकास** | | | | | | |
| 51 | अटल पेंशन योजना (एपीवाई): प्रति लाख आबादी पर 1 की संख्या लाभार्थियों | 4459 | 3575.026455 | 3179 | 5576.436769 | 792 | 7987.190684 |
| 52 | पूर्व शिक्षण के अंतर्गत प्रमाणित लोगों / अनौपचारिक रुप से कुशल कार्यबल की संख्या | 0 | उ.न. | 0 | उ.न. | उ.न. | 0 |
| 53 | प्रति 1 लाख आबादी पर प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत खोले गए खातों की संख्या | 5108 | 25434.39153 | 28598 | 25660.94625 | 13309 | 25810.18923 |
| 54 | पोर्टल पर पंजीकृत प्रशिक्षुओं की कुल संख्या को पूरा करने वाली प्रशिक्षुता की संख्या | 0.323 | 19.458 | 0.166 | 6.427 | उ.न. | 29.739 |
| 55 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: दिव्यांग | 0 | 0 | 0 | 0 | 1.39 | 0 |
| 56 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: अल्पसंख्यक | 82.291 | 1.047 | 0 | 0 | 3.67 | 7.921 |
| 57 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: ओबीसी | 82.291 | 45.026 | 35.294 | 57.143 | 48.62 | 50.495 |
| 58 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: एससी | 6.25 | 3.665 | 19.44 | 7.143 | 20.18 | 21.782 |
| 59 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: एसटी | 3.125 | 10.995 | 0 | 21.429 | 0.92 | 3.96 |
| 60 | प्रमाणित प्रशिक्षित प्रतिशत: महिला | 45.833 | 39.267 | 4.545 | 28.571 | 100 | 47.525 |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| 61 | कुल बैंकिंग खातों के प्रतिशत रुप में आधार के साथ जुड़े बैंक खातों का प्रतिशत | 96.5 | 91 | 99.12 | 95.4 | 91.2 | 95.7 |
| 62 | प्रमाणित नियोजित युवाओं की संख्या# अल्पकालिक या दीर्घकालिक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की संख्या | 0 | 16.935 | 0 | 0 | 0 | 0.136 |
| 63 | 15-29 वर्ष की आयु समूह में जिले में युवाओं की संख्या के लिए अल्पावधि या दीर्घकालिक प्रशिक्षण योजनाओं में प्रमाणित युवाओं की संख्या | 0.005 | 0.072 | 0 | 0.006 | 0.02 | 0.018 |
| 64 | प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई): प्रति 1 लाख आबादी पर नामांकनों की संख्या | 21073 | 11607 | 20430 | 19982 | 2161 | 21636 |
| 65 | प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) प्रति 1 लाख आबादी पर नामांकनों की संख्या | 44225 | 20062 | 48373 | 36098 | 23843 | 70659 |
| 66 | प्रति 1 लाख की आबादी पर कुल वितरित मुद्रा ऋण (करोड़ रुपए में) | 2.151 | 0.209 | 0.322 | 0.923 | 17.489 | 34.896 |
| | **आधारभूत अवसंरचना** | | | | | | |
| 67 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनां के अंतर्गत ज़िले में कुल संस्वीकृत किलोमीटरों के प्रतिशत के रुप में पूरे किए गए बारहमासी सड़क कार्य के किलोमीटरों की संचयी संख्या | 70.78 | 60 | 0 | 27.13 | 100 | 100 |
| 68 | ग्राम पंचायत स्तर पर सामान्य सेवा केंद्रों की कवरेज/स्थापना का प्रतिशत | 81.86 | 81.86 | 70.95 | 100 | 21.9 | 100 |
| 69 | इंटरनेट सुविधायुक्त ग्राम | 81.86 | 81.86 | 44.35 | 73.39 | 1.14 | 100 |

| | | अल्लूरी सीताराम राजू | | पार्वतीपुरम मान्यम | | वाई.एस.आर. कडपा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | संकेतक | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य | आधारभूत मूल्य | वर्तमान मूल्य |
| | पंचायतों का प्रतिशत | | | | | | |
| 70 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बारहमासी सड़कों वाली बस्तियों का प्रतिशत | 95.42 | 10 | 0 | 66.67 | 100 | 100 |
| 71 | बेघरों या कच्ची दीवार और कच्ची छत युक्त एकल कमरे वाले या कच्ची दीवार और छत वाले कमरों में रह रहे 2 परिवारों के लिए निर्मित पक्के मकानों की संख्या | 3.43 | 8 | 100 | 8.54 | 75.89 | 100 |

* 25 *जनवरी,* 2022 *को अल्लूरी सीतारामराजू जिले को विशाखापत्तनम के पूर्ववर्ती आकांक्षी जिले से अलग किया गया था एवं पार्वतीपुरम मन्यम जिले को विजयनगरम के पूर्ववर्ती आकांक्षी जिले से अलग किया गया था। विशाखापत्तनम और विजयनगरम के स्थान पर अल्लूरी सीतारामराजू जिला और पार्वतीपुरम मान्यम जिला दोनों अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम का हिस्सा हैं।*

**श्री मंगुटा श्रीनिवासुलू रेड्डी: श्री बस्तीपति नागराजू: श्री केसिनेनी शिवनाथ: द्वारा पूछे गए 'आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिले' के संबंध में दिनांक 31.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1592 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**आंध्र प्रदेश के आकांक्षी जिलों के लिए पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23 एवं 2023-24) में स्वीकृत और प्रयुक्त कुल धनराशि की विस्तृत जानकारी**

| क्रं. सं. | जिला | स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु. में) वित्त वर्ष 21-22 | स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु. में) वित्त वर्ष 22-23 | स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु. में) वित्त वर्ष 23-24 | कुल स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु. में) | प्रयुक्त धनराशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | - | 2.00 | 8.14 | 10.14 | 0.38 |
| 2 | पार्वतीपुरम मान्यम | - | 2.00 | 3.00 | 5.00 | 1.60 |
| 3 | वाई.एस.आर. कडपा | 0.012 | 3.00 | 3.00 | 6.012 | 0.00 |
| 4 | विजयानगरम* | 5.01 | - | - | 5.01 | 4.74 |
| 5 | विशाखापत्तनम* | 0.012 | - | - | 0.012 | 0.00 |
| | कुल योग | **5.034** | **7.00** | **14.14** | **26.174** | **6.72** |

** आंध्र प्रदेश में तीन आकांक्षी जिले हैं नामतः वाई.एस.आर. कडपा, अल्लूरी सीतारामराजू और पार्वतीपुरम मान्यम। 25 जनवरी, 2022 को अल्लूरी सीतारामराजू जिले को विशाखापत्तनम के पूर्ववर्ती आकांक्षी जिले से अलग किया गया था एवं पार्वतीपुरम मन्यम जिले को विजयनगरम के पूर्ववर्ती आकांक्षी जिले से अलग किया गया था। विशाखापत्तनम और विजयनगरम के स्थान पर अल्लूरी सीतारामराजू जिला और पार्वतीपुरम मान्यम जिला दोनों अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम का हिस्सा हैं।*

.*****